Bareilly, Sunday,
27 July 2025
BAREILLY EDITION
Price ₹3.50/-
Pages 12

दैनिक जागरण inext



**सीएमई** सैटरडे को दो दिवसीय जेनिटोयूरिनरी पैथोलॉजी अपडेट 2025 का आरंभ

# जितनी सटीक जांच, उतना सटीक इलाज

**टाटा मेमोरियल कैंसर इंस्टीट्यूट, राजीव गांधी कैंसर इंस्टीट्यूट के विशेषज्ञों ने दिया व्याख्यान**

bareilly@inext.co.in

**BAREILLY (26 July):** मेडिकल साइंस की तरक्की के कारण आज मरीजों को बेहतर इलाज मिल रहा है. लेकिन बेहतर इलाज तभी संभव है जब जांच सटीक हो. इसके लिए बीमारियों की जांच करने वाली पैथोलॉजी और रेडियोलॉजी जैसी ब्रांच का अपडेट रहना बेहद जरूरी है. दो दिवसीय जेनिटोयूरिनरी पैथोलॉजी सीएमई में विशेषज्ञों के व्याख्यानों से खुद को अपटेट करना और वर्कशाप में उनसे सीखना इसी का हिस्सा है. यह बात एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक एवं चेयरमैन देव मूर्ति ने कही. उन्होंने कहा कि



इसका फायदा डॉक्टरों के साथ ही मरीजों को भी मिलेगा.

## ज्यादा सीखने पर जोर दिया

एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में शनिवार को दो दिवसीय जेनिटोयूरिनरी पैथोलॉजी अपडेट 2025 आरंभ हुई. पैथोलॉजी विभाग की ओर से आयोजित इस सीएमई और वर्कशॉप में देश के नामचीन पैथोलाजिस्ट शामिल हुए. पहले दिन शनिवार को उद्घाटन सत्र के साथ ही सीएमई में ब्लैडर और प्रोस्टेट एवं किडनी और टेस्टिस विषय पर विभिन्न विशेषज्ञों ने अपने व्याख्यान दिए. दीप प्रज्वलन, सरस्वती वंदना और संस्थान गीत के साथ उद्घाटन सत्र आरंभ हुआ. इसमें एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक व चेयरमैन देव मूर्ति ने बीमारियों की रोकथाम पर जोर दिया. कहा कि पहले के मुकाबले आज के समय बीमार होने पर दवाइयों से स्वस्थ होना आसान है. लेकिन स्वस्थ रहने के लिए बीमारियों से बचे रहना ज्यादा ठीक है. एसआरएमएस ट्रस्ट इसी को ध्यान में रखते हुए हर वर्ग और हर परिवार तक पहुंच कर सभी की हेल्थ कुंडली बना रहा है. जिससे समय रहते बीमारियों का पता लगा और उनकी रोकथाम कर स्वस्थ समाज का निर्माण किया जा सके. प्रिंसिपल डा. एमएस बुटोला ने मेडिकल कॉलेज की उपलब्धियों का जिक्र किया. विशिष्ट अतिथि राजीव गांधी कैंसर इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर दिल्ली के प्रोफेसर (डा.) गुरुदत्त गुप्ता ने एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में मरीजों की बढ़ती संख्या को संस्थान पर भरोसे की वजह बताया. विशिष्ट अतिथि टाटा मेमोरियल कैंसर इंस्टीट्यूट मुंबई के डा. संतोष मेनन ने भविष्य की तैयारियों के लिए युवा पीढ़ी को ज्यादा सीखने पर जोर दिया.

### दो सत्रों में हुआ कार्यक्रम

टाटा मेमोरियल कैंसर इंस्टीट्यूट मुंबई के डा. सुभाष यादव एवं डा.स्वप्निल राने, राजीव गांधी कैंसर इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर के प्रोफेसर (डा.) गुरुदत्त गुप्ता एवं डा.मीनाक्षी कंबोज और टाटा मेमोरियल कैंसर इंस्टीट्यूट मुंबई के संतोष मेनन ने दो सत्रों में ब्लैडर व प्रोस्टेट एवं किडनी व टेस्टिस पर व्याख्यान दिए. सीएमई की ऑर्गनाइजिंग चेयरपर्सन एवं पैथोलॉजी विभाग प्रमुख डा. तनु अग्रवाल ने किया. अंत में सीएमई की ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी डा. सुरभि पांडेय ने सभी का आभार जताया और धन्यवाद प्रस्ताव रखा. उद्घाटन सत्र का संचालन सीएमई की ट्रेजरार डा. इरा भारद्वाज ने किया. मेडिकल कालेज के डायरेक्टर आदित्य मूर्ति, मेडिकल सुपरिटेंडेंट डा. आरपी सिंह, डीन पीजी डा. रोहित शर्मा, डीन यूजी डा. बिंदु गर्ग, डीएसडब्ल्यू डा. क्रांति कुमार, ट्रस्ट सलाहकार सुभाष मेहरा, पैरामेडिकल कालेज की प्रिंसिपल डा. जसप्रीत कौर और सभी विभागाध्यक्ष आदि मौजूद रहे.